आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–12 अप्रैल 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि महिला आरक्षण कानून पर सच्ची भावना के साथ अमल करने का समय आ गया है ताकि 2029 से लोकसभा और विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जा सकें। लोकसभा और राज्यसभा में सदन के नेताओं को लिखे पत्र में श्री मोदी ने महिला आरक्षण कानून में संशोधन के मुद्दे पर सभी सदस्यों से एकजुट होने का अनुरोध किया। इस कानून को नारी शक्ति वंदन अधिनियम का नाम दिया गया है।

इन संशोधनों को पारित करने के लिए संसद के बजट सत्र की अवधि बढाई गई थी। तीन दिन का विशेष सत्र 16 से 18 अप्रैल तक चलेगा। महिला आरक्षण अधिनियम से लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़कर आठ सौ 16 हो जाएगी। इसमें 273 सीटें महिलाओं के लिए होंगी। लोकसभा और राज्य विधान सभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने का प्रावधान 2023 में संविधान संशोधन के जरिए किया गया था। इस बीच भाजपा ने पार्टी के लोकसभा और राज्यसभा सदस्यों को संसद के इस विशेष सत्र में मौजूद रहने के लिए व्हिप जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इस अवधि में सदन में उपस्थिति अनिवार्य है और कोई छुट्टी मंजूर नहीं की जाएगी। आकाशवाणी समाचार के लिए शशांक कुमार।

****

भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा संचालित **'माय भारत केन्द्र संगठन उत्तर प्रदेश'** लखनऊ में माय भारत बजट क्वेस्ट–2026 के तृतीय एवं अंतिम चरण का आयोजन कर रहा है। लखनऊ के इंन्दिरा गांधी प्रतिष्ठान में आज से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। पहले दिन 'नारी शक्ति यूथ पार्लियामेंट' का आयोजन किया गया, जिसमें युवा प्रतिभागियों ने विधायी प्रक्रियाओं और अधिनियमों पर चर्चा की। कार्यक्रम के दूसरे दिन कल केन्द्रीय बजट–2026 के प्रमुख विषयों पर समूह चर्चा होगी। इस दौरान प्रतिभागी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का वर्चुअल संदेश भी सुनेगें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य केन्द्रीय बजट–2026 की बारिकियों को युवाओं के लिए सरल और सुलभ बनाना है ताकि वह राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभा सके।

****

प्रदेश में शादी समारोहों के लिए कामर्शियल एलपीजी सिलेंडर की सुगम आपूर्ति के लिए खाद्य एवं रसद विभाग ने शादी का कार्ड या प्री–ऑर्डर बुकिंग प्रपत्र दिखाने पर सिलेंडर देने की विशेष व्यवस्था शुरू की है। इस सुविधा के तहत, शादी समारोहों के आयोजक जिला आपूर्ति कार्यालय या एडीएम खाद्य एवं रसद को आवेदन देकर कामर्शियल एलपीजी सिलिंडर प्राप्त कर सकते हैं।

****

अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से 28 अगस्त रक्षा बंधन तक चलेगी। जम्मू–कश्मीर के उप–राज्यपाल मनोज सिन्हा ने बताया कि प्रथम पूजा ज्येष्ठ पूर्णिमा यानी 29 जून को होगी। पंजीकरण 15 अप्रैल से ऑनलाइन और ऑफलाइन शुरू होगी। पंजीकरण सुविधा जम्मू और कश्मीर बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया और यस बैंक में उपलब्ध होगी।

****

प्रख्यात गायिका और पद्म विभूषण से सम्मानित आशा भोसले का आज मुंबई में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कल शाम 4 बजे शिवाजी पार्क में होगा। गायिका की पौत्री जनाई भोसले ने बताया कि उनको सीने में संक्रमण और कमजोरी के कारण कल शाम मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया था। आशा भोसले का करियर आठ दशक से अधिक लंबा रहा और वे अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाती थी। उनके निधन पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गहरा दुखः जताते हुए इसे कला जगत की अपूरणीय क्षति बताया है। अपने शोक संदेश में मुख्यमंत्री ने कहा है कि आशा भोसले की अद्वितीय गायिकी ने भारतीय संगीत को नई ऊचाई प्रदान की। उनके मधुर स्वर देशवासियों के मन में हमेशा गूंजते रहेंगे।

****

मऊ जिले के घोसी लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद हरि नारायण राजभर का आज दोपहर ह्रदय गति रूक जाने से निधन हो गया है। लखनऊ के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान उन्होंने अपनी अंतिम सांसें ली। मूल रूप से बलिया जिले के रहने वाले स्वर्गीय राजभर पूर्व मुख्यमंत्री कल्याण सिंह की सरकार में कारागार मंत्री भी रहे।

****

मथुरा में दो दिन पूर्व यमुना नदी में हुए नाव हादसे में मृतकों की संख्या बढ़कर 13 हो गयी है। कल तक 11 शव बरामद किए गये थे। आज दो और शव बरामद कर लिया गया है। लापता दो अन्य लोगो की तलाश के लिए सेना और एनडीआरएफ टीम की तरफ से अभी भी व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। यह घटना पांटून पुल से टकरा कर एक नाव के पलट जाने के चलते हुई थी।

****

इंडियन प्रीमियर लीग के अंतर्गत आज लखनऊ के इकाना स्टेडियम में लखनऊ सुपर जाएंट्स का मुकाबला गुजरात टाईटंस के साथ हो रहा है। गुजरात की टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का निर्णय लिया। आमंत्रण पर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम ने गुजरात को 165 रन का लक्ष्य दिया है। अंतिम समाचार मिलने तक गुजरात की टीम ने लक्ष्य का पीछा करते हुए 1 विकेट पर 52 रन बना लिये थे।

****